PLANET NEWS INDIA हर खबर सच के साथ
Follow us on:/
शनिवार 02 मई 2026





# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

RNI No.- UPHIN/25/A4228
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त


## Aligarh News: काली नदी में कूदकर युवक ने दी जान, चार दिन बाद मिला शव

अलीगढ़। अतरौली क्षेत्र के गांव आलमपुर कायस्थान निवासी 32 वर्षीय नितिन कुमार का शव शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे सिखरना गांव के पास काली नदी में उतराता मिला। वह 29 अप्रैल की शाम से लापता था। परिजनों ने मानसिक तनाव के चलते आत्महत्या की आशंका जताई है। ग्रामीण खेतों में काम करने पहुंचे थे, तभी नदी में शव दिखाई दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर शिनाख्त कराई। मृतक की पहचान नितिन पुत्र जंगली सिंह के रूप में हुई। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। परिजनों के अनुसार नितिन तीन भाइयों और एक बहन में सबसे बड़ा था। उसकी शादी 12 वर्ष पहले थाना गंगीरी क्षेत्र के वाजिदपुर निवासी शीतल से हुई थी। दो वर्ष पूर्व पत्नी दोनों बच्चों को छोड़कर मायके चली गई थी। तभी से नितिन मानसिक तनाव में रहने लगा था और नशे का आदी हो गया था।



बताया जा रहा है कि 29 अप्रैल की शाम वह बिना किसी को बताए घर से निकल गया था। काफी तलाश के बावजूद उसका कोई पता नहीं चला। चार दिन बाद उसका शव काली नदी में मिला। नितिन अपने पीछे आठ और छह वर्ष के दो मासूम बेटों को छोड़ गया है। मां और भाई-बहनों का रो-रोकर बुरा हाल है। थाना प्रभारी अंकित सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। परिजनों की ओर से फिलहाल किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया गया है।

## अलीगढ़: एक मां से दूसरी मां की पुकार... शादी भले न हो, पर मेरा बेटा मुझे स्वीकार

अलीगढ़। मां की ममता उम्र और परिस्थितियों से परे होती है। हाथरस जिले के मुरसान क्षेत्र की 15 वर्षीय दुष्कर्म पीड़िता ने बेटे को जन्म देने के बाद अपने जीवन का बड़ा फैसला लिया है। उसने स्पष्ट शब्दों में अपनी मां से कहा है कि चाहे उसकी शादी हो या न हो, वह अपने बेटे को स्वीकार करेगी और हर हाल में उसका पालन-पोषण करेगी। पीड़िता इस समय अलीगढ़ के Jawaharlal Nehru Medical College में भर्ती है। परिजनों के अनुसार, गर्भ ठहरने के बाद परिवार ने गर्भपात के लिए उच्च न्यायालय में अपील भी की थी, लेकिन प्रक्रिया में देरी के कारण समय पर गर्भपात नहीं हो सका। बुधवार को किशोरी ने एक बेटे को जन्म दिया। अस्पताल प्रशासन के मुताबिक जच्चा और बच्चा दोनों को अलग-अलग वार्ड में रखा गया है।



मां की हालत अभी कमजोर है, इसलिए उसे विशेष निगरानी में रखा गया है। नवजात शिशु का भी उपचार जारी है। किशोरी अपने बेटे को देखने के लिए व्याकुल है, लेकिन डॉक्टरों ने फिलहाल आराम की सलाह दी है। परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद दयनीय है। पिता का पहले ही निधन हो चुका है और मां मजदूरी कर घर का खर्च चलाती है। बड़ी बेटी की शादी हो चुकी है, जबकि छोटे भाई-बहन अभी नाबालिग हैं। ऐसे में नवजात के भविष्य और सामाजिक परिस्थितियों को लेकर परिवार चिंतित है। इसके बावजूद नाबालिग मां अपने निर्णय पर अडिग है। उसने साफ कहा है कि वह अपने बेटे को किसी भी हाल में नहीं छोड़ेगी। अब आगे बच्चे के भविष्य को लेकर कानूनी प्रक्रिया और प्रशासनिक निर्णय महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## अलीगढ़: बुद्ध पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी



अलीगढ़। बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर शनिवार को जिले के सांकरा स्थित गंगा घाट पर आस्था और श्रद्धा का अद्भुत नजारा देखने को मिला। तड़के ब्रह्ममुहूर्त से ही श्रद्धालुओं का घाट पर पहुंचना शुरू हो गया था। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती गई और पूरा घाट क्षेत्र भक्तिमय माहौल में सराबोर हो गया। अनुमान के अनुसार चार हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगा में पवित्र डुबकी लगाकर पुण्य अर्जित किया। गंगा स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। कई लोगों ने गंगा तट पर दीपदान किया और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। श्रद्धालुओं ने भगवान बुद्ध को नमन करते हुए शांति, करुणा और सद्भाव का संदेश भी दोहराया। घाट परिसर में जगह-जगह धार्मिक भजन और जयकारों की गूंज सुनाई देती रही। घाट किनारे लगी फूल-माला, प्रसाद और पूजन सामग्री की दुकानों पर दिनभर चहल-पहल रही। स्थानीय व्यापारियों के चेहरों पर भी रौनक देखने को मिली।

इसके अलावा विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठनों की ओर से भंडारों का आयोजन किया गया, जहां श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कई श्रद्धालु परिवार सहित पहुंचे और पूरे दिन घाट पर धार्मिक गतिविधियों में हिस्सा लिया। प्रशासन ने पर्व को लेकर पहले से ही व्यापक तैयारियां की थीं। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर गंगा घाट पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा। महिला पुलिसकर्मियों की भी ड्यूटी लगाई गई थी। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए निजी गोताखोरों की व्यवस्था की गई थी और नावों के जरिए निगरानी रखी गई। यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए सांकरा पुलिस चौकी की टीम ने विशेष इंतजाम किए। घाट की ओर जाने वाले मार्गों पर वाहनों की पार्किंग के लिए अलग से व्यवस्था की गई, जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न न हो। दिनभर श्रद्धालुओं की आवाजाही के बावजूद कहीं भी अव्यवस्था की स्थिति नहीं बनी। बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालुओं ने श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ पर्व मनाया। गंगा तट पर उमड़ी आस्था की भीड़ ने एक बार फिर इस पर्व के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को जीवंत कर दिया।

## Aligarh News

### हाईटेंशन तार की चपेट में आने से टेंट कारोबारी गंभीर रूप से झुलसा



अलीगढ़। गांव मानिकपुर में तेरहवीं कार्यक्रम की तैयारी के दौरान टेंट लगाते समय अंकित पुत्र रिसाल सिंह हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर झुलस गया। लोहे का पाइप तार से छूते ही उसके शरीर में करंट दौड़ गया और वह जमीन पर गिर पड़ा। परिजन उसे तुरंत निजी अस्पताल ले गए, जहां उसका इलाज चल रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि आंधी के बाद से तार नीचे लटक रहे थे, जिसकी शिकायत पहले भी की गई थी। घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश है। उनका कहना है कि यदि विभाग समय पर लाइन दुरुस्त कर देता तो यह हादसा टाला जा सकता था। फिलहाल घायल का इलाज जारी है और उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

# Aaj Ka Rashifal 2 May:

## इन 5 राशि वालों को आज मिलेगी खुशखबरी, मनचाही यात्रा के भी बनेंगे योग



आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 2 मई 2026 का राशिफल। 2 मई का दिन ज्योतिष दृष्टि से काफी खास रहने वाला है। इस दिन ग्रह-नक्षत्रों की चाल कुछ राशियों के लिए शुभ संकेत दे रही है, जिससे उन्हें करियर, धन और रिश्तों में अच्छे परिणाम मिल सकते हैं।वहीं, कुछ राशियों को इस दौरान चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है।

### मेष

आज आप साझेदारी में कमाल दिखाएंगे और अपनी जिम्मेदारियां समय पर निभाकर सबका भरोसा जीतेंगे। हालांकि किसी बात पर बहस का माहौल बन सकता है, इसलिए शब्दों पर कंट्रोल रखें। दिल की कोई बड़ी इच्छा पूरी होकर आपको खुशियों से भर देगी। कानूनी मामलों में जल्दबाजी नहीं अनुभवी सलाह ही आपको जीत दिलाएगी।

### वृषभ

आज खर्चे जेब पर भारी पड़ सकते हैं, इसलिए सोच-समझकर कदम बढ़ाएं। विरोधी एक्टिव रहेंगे, लेकिन आप धैर्य से काम लेंगे तो जीत आपकी होगी। प्रॉपर्टी खरीदने का प्लान बन सकता है और लोन लेने का विचार भी आएगा। भाई-बहनों का साथ मिलेगा और मामा पक्ष से धन लाभ की खुशखबरी मिल सकती है।

### मिथुन

आज आपकी पहचान और सम्मान में चार चाँद लगेंगे। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी, जिससे दिल खुश हो जाएगा। पिता की सेहत को लेकर चिंता रह सकती है। यात्रा के दौरान किसी पर आंख मूंदकर भरोसा न करें। छोटी सी बात मन को परेशान कर सकती है, लेकिन हर काम में सफलता आपके साथ रहेगी।

### कर्क

आज किस्मत आपके पक्ष में है। काम के सिलसिले में यात्रा हो सकती है और सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी आपको सुकून देगी। माता-पिता का सहयोग रुके काम पूरे कराएगा। करियर में अपनी जगह मजबूत बनाए रखें, नहीं तो बेवजह विवाद हो सकते हैं। परिवार में नौकरी की खुशखबरी माहौल को खुशनुमा बना देगी।

### सिंह

आज पैसा कमाने के नए मौके आपके सामने होंगे और आप उन्हें हाथ से जाने नहीं देंगे। किसी कानूनी मामले में भागदौड़ करनी पड़ सकती है। दोस्तों के साथ पार्टी का मूड बनेगा और सिंगल लोगों की खास मुलाकात संभव है। बिजनेस के अटके काम आज आगे बढ़ सकते हैं।

### कन्या

आज आपके अंदर नई ऊर्जा का संचार रहेगा और आप कुछ अलग करने का जज्बा दिखाएंगे। अपनी समझदारी से लोगों को प्रभावित करेंगे। नया वाहन लेने का प्लान बन सकता है। कार्यकुशलता बढ़ेगी और संतान से जुड़ी खुशखबरी मिल सकती है। बस पैसों के मामले में थोड़ी सतर्कता जरूरी है।

### तुला

आज दिल से नहीं, दिमाग से फैसले लें। जल्दबाजी नुकसान दे सकती है। जीवनसाथी के साथ खूबसूरत पल बिताने का मौका मिलेगा। बढ़ते खर्चों पर लगाम लगानी होगी। यात्रा के दौरान कोई अहम जानकारी हाथ लग सकती है। सेहत को नजरअंदाज करना भारी पड़ सकता है।

### वृश्चिक

आज जोखिम उठाने से बचना ही समझदारी होगी। बिजनेस में तकनीकी अड़चनें परेशान कर सकती हैं। किसी के बहकावे में आकर फैसला न लें। सही पार्टनर के साथ काम करना फायदेमंद रहेगा। परिवार में शादी-ब्याह की अड़चनें दूर होंगी। आपकी सच्चाई को लोग गलत समझ सकते हैं, इसलिए संतुलन बनाए रखें।

### धनु

आज आलस्य आपके रास्ते की सबसे बड़ी बाधा बन सकता है। काम टालने से मुश्किलें बढ़ेंगी, इसलिए एक्टिव रहें। घर में बदलाव का मन बनेगा, लेकिन टालमटोल से काम अटक सकता है। नौकरी में काम का दबाव बढ़ेगा, पर भाग्य आपका साथ देगा। भक्ति में मन लगेगा और सोच-समझकर बोलना जरूरी रहेगा।

### मकर

आज लाभ के संकेत साफ नजर आ रहे हैं। दांपत्य जीवन की परेशानियां दूर होंगी और नया दोस्त जीवन में एंट्री ले सकता है। आपके नए प्रयास रंग लाएंगे। जीवनसाथी की भावनाओं को नजरअंदाज न करें, वरना नाराजगी हो सकती है। रुका हुआ धन मिलने के भी प्रबल योग हैं।

### कुंभ

आज का दिन थोड़ा उतार-चढ़ाव भरा रहेगा, लेकिन घबराने की जरूरत नहीं है। काम को लेकर बहस हो सकती है, पर आपकी ऊर्जा आपको संभाल लेगी। परिवार में तालमेल बना रहेगा और विद्यार्थी मानसिक तनाव से राहत पाएंगे। अपने वादों को पूरा करें और विरोधियों को मात देने में सफल रहेंगे।

### मीन

आज का दिन संतुलन बनाकर चलने का है। सोच-समझकर लिए गए फैसले आपको आगे बढ़ाएंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को बड़े अवसर मिल सकते हैं। अपनी समस्याओं को नजरअंदाज न करें। घर में नए मेहमान के आने से खुशी का माहौल बनेगा। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को अच्छी खबर मिल सकती है।

# UP: प्रेमिका ने मारी थी प्रेमी को पहली गोली

## BJP नेता ने कूंचा सिर; 10 दिन बाद इसलिए सुधारस ने राखी को भी मारा



बागपत के डूडा के शहर मिशन प्रबंधक विक्रांत और उसकी प्रेमिका राखी कश्यप की हत्या में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। पुलिस ने विक्रांत और राखी की हत्या के आरोप में भाजपा नेता सुधारस को गिरफ्तार किया है। आरोपी बड़ौत में अपने घर में छिपा था। पुलिस ने कार्यालय से राखी की हत्या में प्रयुक्त खून से सना दाव बरामद किया है।बागपत के डूडा के शहर मिशन प्रबंधक विक्रांत और उसकी प्रेमिका राखी कश्यप की हत्या में वांछित भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व नगर अध्यक्ष सुधारस चौहान को बागपत पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। वह चौहान इन्क्लेव स्थित अपने घर में छिपा था। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने बड़ौत रोड स्थित उसके कार्यालय से राखी की हत्या में प्रयुक्त खून से सना दाव बरामद कर सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर जब्त कर ली है। इस दोहरे हत्याकांड में शामिल सुधारस का साथी कपिल चौहान पहले ही पकड़ा जा चुका है।शुक्रवार को पुलिस ने दोहरे हत्याकांड का खुलासा कर दिया। पुलिस के मुताबिक, प्रयागराज के गोविंदपुर निवासी विक्रांत और अर्जुनपुरम की राखी कश्यप में प्रेम प्रसंग था। दोनों शादी करने वाले थे। शादी की खुशी में 15 अप्रैल की रात को राखी के घर पर हुई पार्टी में विक्रांत के साथ भाजपा नेता सुधारस चौहान और कपिल चौहान भी शामिल थे। वहां किसी बात को लेकर विवाद होने पर राखी ने विक्रांत की जांघ में अपनी लाइसेंसी पिस्टल से गोली मार दी। वहां से वह विक्रांत को सहारनपुर के बड़गांव ले गए और मुंह पर पत्थर से वार कर शव को नहर में फेंक दिया। पुलिस का कहना है कि विक्रांत की गुमशुदगी दर्ज करने के बाद राखी से पूछताछ की जाने लगी तो सुधारस को फंसने का डर सताने लगा। सुधारस 25 अप्रैल की रात में अपने साथी कपिल चौहान के साथ मिलकर राखी को सहारनपुर के रजापुर नौगांव के फार्म हाउस पर ले गया। वहां चाकू से गला रेतने के बाद दाव से वार कर उसकी हत्या कर दी।

# यूपी:ठंडा रहेगा ज्येष्ठ महीने का पहला हफ्ता

## चार मई से फिर सक्रिय होगा पश्चिमी विक्षोभ; लुढ़का प्रदेश का पारा



मई लगने के साथ ही प्रदेश के मौसम में बड़ा बदलाव हुआ है। चार मई से एक बार एक और विक्षोभ सक्रिय होने से बरसात की संभावना बढ़ गई है।उत्तर प्रदेश में पिछले तीन दिनों से जारी बूंदाबांदी और तेज हवाओं के असर से शुक्रवार को तापमान में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई। कई क्षेत्रों में दिनभर ठंडी हवाएं चलती रहीं, जिससे मई का पहला दिन सुहावना रहा। गोरखपुर में अधिकतम तापमान 26.4 डिग्री और बलिया में 27.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से काफी कम है और प्रेक्षण इतिहास में क्रमशः तीसरा व पांचवां सबसे कम स्तर रहा। प्रदेश के करीब 15 जिलों में अधिकतम तापमान 30 से 32 डिग्री के बीच रहा। उरई 41.6 डिग्री के साथ सबसे गर्म रहा, जबकि हरदोई में 17 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे ठंडी रात दर्ज की गई।पिछले 24 घंटों में कन्नौज में 54 मिमी, बलरामपुर में 52.6 मिमी, लखीमपुर खीरी में 51.8 मिमी, बरेली में 29 मिमी और गोरखपुर में 23.8 मिमी वर्षा हुई।आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार, अगले दो दिन मौसम शुष्क रहेगा और धूप निकलने से तापमान में 6 से 8 डिग्री तक बढ़ोतरी होगी। चार मई से नया विक्षोभ सक्रिय होने पर फिर आंधी-बारिश की संभावना है। उन्होंने बताया कि मई में तराई क्षेत्रों में लू के दिन सामान्य से अधिक रह सकते हैं। राजधानी में मई की शुरुआत सुहाने मौसम से हुई है। शुक्रवार को दिन चढ़ने के साथ धूप तो खिली, लेकिन तपिश नदारद रही। सुबह शाम की हवा में ठंडक सी घुली रही। मौसम विभाग का कहना है

## क्या 'भूत बंगला' में रोल कटने से नाराज हैं तब्बू



रिलीज के बाद से इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड 200 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन कर लिया है। लेकिन इस बीच कुछ रिपोर्ट्स सामने आ रही थीं कि फिल्म में तब्बू का रोल काटा गया है। अब इसपर प्रियदर्शन ने खुलकर बात की है। हाल ही में पिंकविला को दिए एक इंटरव्यू में डायरेक्टर प्रियदर्शन ने उन अफवाहों पर बात की, कहा जा रहा था कि तब्बू अपने रोल को लेकर नाराज हैं। रिपोर्ट्स में यह भी दावा था कि एडिटिंग के दौरान उनका रोल कम कर दिया गया और इसके लिए अक्षय कुमार को जिम्मेदार ठहराया जा रहा था सभी बातों को खारिज करते हुए प्रियदर्शन ने कहा, 'मुझे नहीं पता कि ये नकारात्मक खबरें कौन और क्यों फैला रहा है। मैं 'भूत बंगला' का डायरेक्टर हूं और क्या रखना है, क्या नहीं, यह मैं तय करता हूं।'उन्होंने आगे कहा, 'फिल्म बहुत बड़ी सफलता है, फिर भी कुछ लोग नेगेटिविटी फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। तब्बू बिल्कुल भी नाराज नहीं हैं। मैंने उनके साथ 8 फिल्में की हैं, अगर वह नाराज होतीं तो मुझे जरूर बतातीं। वह खुश हैं। उन्होंने जो भी शूट किया है, वह सब फिल्म में है।

## ट्विंकल खन्ना का ये है फेवरेट स्पॉट



एक्ट्रेस ट्विंकल खन्ना और अक्षय कुमार की पत्नी ने हाल ही में एक वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में उन्होंने अपने घर की सबसे पसंदीदा जगह के बारे में बताया। साथ ही एक्ट्रेस वीडियो में सुकून से अपना काम और रिलेक्स करती नजर आईं। ट्विंकल ने एक खास वीडियो शेयर किया। जिसमें उन्होंने अपने घर की बालकनी स्पेस को सबसे पसंदीदा जगह बताया। उन्होंने इसे एक सुकून भरी जगह बताया। उन्होंने कैप्शन में लिखा- 'ये मेरी फेवरेट जगह है, जहां मैं काम करती हूं, रिलैक्स करती हूं, म्यूजिक सुनती हूं, परिवार के साथ समय बिताती हूं और सबसे जरूरी, ख्वाबों में खो जाती हूं।'उन्होंने आगे लिखा कि वे अपना बेडरूम खोने को तैयार हैं, लेकिन बालकनी कभी नहीं। साथ ही उन्होंने लोगों से पूछा- 'आपका घर में फेवरेट स्पॉट कौन सा है?'वीडियो में ट्विंकल एक खूबसूरत झूले जैसे डे-बेड पर आराम से बैठी नजर आ रही हैं, जो कुशन्स और इंडोर प्लांट्स से सजा हुआ है। इस जगह से समुद्र का शानदार नजारा भी दिखाई देता है।

# शादी के मंडप पर देर से पहुंचे थे रकुल प्रीत और जैकी भगनानी



बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत और एक्टर, प्रोड्यूसर जैकी भगनानी की शादी को दो साल हो चुके हैं। शादी के बंधन में बंधने से पहले दोनों काफी वक्त तक रिलेशनशिप में भी रहे। दोनों को एक-दूसरे में क्या बातें पसंद हैं? और क्यों वह अपनी शादी में पहुंचने के लिए लेट होते-होते बचे। सोफी चौधरी के एक शो 'फेमसली फिट विद सोफी' में रकुल और जैकी भगनानी ने इस राज से पर्दा उठाया। सोफी चौधरी के शो में जैकी भगनानी बताते हैं कि रकुल को उन्होंने पहली बार एक रेड ड्रेस में देखा था। वह इस ड्रेस में बहुत ही हॉट नजर आ रही थीं। रकुल प्रीत ने भी बताया कि उनको जैकी ही सबसे अच्छी बात यही लगती है कि वह हर चीज पर फोकस होकर काम करते हैं।इस शो में जैकी भगनानी मंडप पर देर से पहुंचने वाली बात का जिक्र करते हैं। वह कहते हैं, 'हम फिल्मों में देखते हैं कि मंडप पर लोग देर से पहुंचते हैं। लेकिन हम दोनों उस दिन भी जिम में वर्कआउट कर रहे थे तो इसलिए कहना पड़ा कि जल्दी करो वरना मंडप पर पहुंचने में देरी होगी।' यह बात सुनकर सोफी चौधरी काफी जोर से हंसती हैं। जैकी और रकुल दोनों ही फिटनेस को लेकर कॉन्शस रहते हैं

## हेरा फेरी' के कॉपीराइट मामले में फिरोज नाडियाडवाला ने दर्ज कराई शिकायत



बॉलीवुड की चर्चित फ्रेंचाईजी 'हेरा फेरी' फिर चर्चा में हैं। इस बार यह कॉपीराइट मामले को लेकर सुर्खियों में आई है। फिल्म निर्माता फिरोज नाडियाडवाला ने हाल ही में 'हेरा फेरी' के कॉपीराइट और रीमेक अधिकारों को लेकर मुंबई में शिकायत कराई है। उन्होंने धोखाधड़ी और मानहानि का आरोप लगाया है। निर्माता का आरोप है कि उनके अधिकारों पर कब्जा करने, पैसे की उगाही करने और उनकी कंपनी की पब्लिक लिस्टिंग में बाधा डालने की कोशिश की गई है। पुलिस ने जांच शुरूफिरोज नाडियाडवाला ने फिल्म के कॉपीराइट और रीमेक अधिकारों को लेकर मुंबई कर दी है। के अंबोली पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने इस मामले में गोपाला पिल्लई विजय कुमार और एम. पॉल मायकेल के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।फिरोज नाडियाडवाला के मुताबिक 'हेरा फेरी' (2000), साल 1989 में आई मलयालम फिल्म 'रामजी राव स्पीकिंग' पर आधारित है। निर्माता का कहना है कि उन्होंने साल 2000 में ही 'मेसर्स कॉम्पेक्ट डिस्क इंडिया लिमिटेड' के सुरेश कुमार सिंघल से इस कहानी के हिंदी और अन्य भाषाओं (दक्षिण भारतीय भाषाओं को छोड़कर) के रिमेक अधिकार कानूनी रूप से खरीदे थे। साढ़े चार लाख रुपये की रकम का भुगतान किया था। इसके कानूनी अधिकार होने के बावजूद अब उन्हें परेशान किया जा रहा है।फिरोज नाडियाडवाला ने अपनी शिकायत में बताया कि साल 2000 में फिल्म की रिलीज से करीब हफ्ते भर पहले कुछ लोगों ने उन पर दबाव बनाकर पैसे ऐंठने की कोशिश की थी। उन्होंने कहा, 'उस समय फिल्म में भारी निवेश हो चुका था, इसलिए बदनामी और नुकसान के डर से मुझे दबाव में आकर भुगतान करना पड़ा था, जबकि अदालत ने मेरे पक्ष में स्टे ऑर्डर दिया था'। नाडियाडवाला का आरोप है कि मूल फिल्म के मालिकों ने यह जानते हुए भी कि अधिकार बिक चुके हैं, साल 2022 में महज तीन लाख रुपये में दोबारा ये अधिकार फिर से 'गोपाला पिल्लई विजयकुमार' (मेसर्स सेवन आर्ट्स इंटरनेशनल) को बेच दिए। यह मामला दिसंबर 2024 में फिरोज नाडियाडवाला को एक कानूनी नोटिस थमाया गया, जिसके बाद इस मामले ने और तूल पकड़ा। इस नोटिस में उनकी ब्लॉकबस्टर फिल्म 'फिर हेरा फेरी' (2006) को अवैध बता दिया गया था। साथ ही कथित विरोधियों ने उनसे 60 लाख रुपये नकद और फिल्म से हुए कुल मुनाफे का 25 प्रतिशत हिस्सा मांगा है। पुलिस धाराओं में मामला दर्ज कर इस मामले की जांच कर रही है।

# IMF का दावा:

## भारत में डिजिटल सिस्टम से छोटे उद्यमों की कमाई बढ़ीअब बड़े कारोबारियों को दे पा रहे टक्कर



रिपोर्ट में कहा गया है कि जिन राज्यों ने ज्यादा डिजिटल सुधार अपनाए, वहां कारोबारों की काम करने की क्षमता (प्रोडक्टिविटी) तेजी से बढ़ी। साथ ही कंपनियों के बीच जो फर्क पहले ज्यादा था, वह भी कम हुआ। इसका मतलब है कि छोटे और बड़े कारोबारों के बीच प्रतिस्पर्धा अब ज्यादा संतुलित हुई है।2014 में राज्यों ने मिलकर '98-पॉइंट एक्शन प्लान' लागू किया था, जिसका मकसद बिजनेस के लिए नियम आसान बनाना और ज्यादा से ज्यादा प्रक्रियाओं को ऑनलाइन करना था। इसके तहत छह मुख्य क्षेत्रों टैक्स सिस्टम, निर्माण परमिट, पर्यावरण और श्रम नियम, निरीक्षण, व्यावसायिक विवाद और सिंगल-विंडो क्लीयरेंस में सुधार किए गएडिजिटल सिस्टम आने से छोटे कारोबारियों का काम काफी आसान हुआ।

आईएमएफ की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में सरकारी प्रक्रियाओं के डिजिटल होने से छोटे कारोबारों की उत्पादकता बढ़ी है और उनके लिए काम करना आसान हुआ है। जिन राज्यों ने ज्यादा डिजिटल सुधार किए, वहां छोटे कारोबार अब बड़े कारोबारों के साथ ज्यादा संतुलित तरीके से प्रतिस्पर्धा कर पा रहे हैं।भारत में सरकारी प्रक्रियाओं को डिजिटल बनाने की पहल का असर अब साफ तौर पर दिख रहा है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) की एक नई स्टडी के मुताबिक, जिन राज्यों ने प्रशासनिक कामकाज को तेजी से ऑनलाइन किया, वहां छोटे कारोबारों (माइक्रो एंटरप्राइज) की उत्पादकता बढ़ी है और अलग-अलग कंपनियों के बीच का अंतर भी कम हुआ है।यह अध्ययन 2010-11 और 2015-16 के राष्ट्रीय सर्वे डेटा पर आधारित है। इसमें अलग-अलग राज्यों के कारोबारों की तुलना की गई, खासकर उन राज्यों की जिन्होंने टैक्स फाइलिंग, परमिट, निरीक्षण और विवाद समाधान जैसे कामों को डिजिटल किया। इससे रिश्वत जैसे अनौपचारिक खर्चों में भी कमी आई है।शुरुआत के कदम सबसे ज्यादा असरदार साबित हुए।

# LPG Crisis:

## कमर्शियल के बाद अब घरेलू रसोई गैस और पेट्रोल डीजल के बढ़ सकते हैं दाम, जानें क्या है वजह




दिक्कत यह है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार और घरेलू कीमतों के बीच का अंतर अब बड़ा हो गया है। रेटिंग एजेंसी इक्रा के मुताबिक, अगर कच्चा तेल 120-125 डॉलर प्रति बैरल के दायरे में रहता है, तो पेट्रोल पर तेल कंपनियों का मार्केटिंग मार्जिन करीब 14 रुपये और डीजल पर 18 रुपये प्रति लीटर निगेटिव है। घरेलू एलपीजी पर भी दबाव तेज है। एजेंसी का अनुमान है कि मौजूदा अंडर-रिकवरी बनी रही, तो वित्त वर्ष 2026-27 में घरेलू एलपीजी पर तेल कंपनियों की अंडर-रिकवरी 80,000 करोड़ रुपये तक पहुंच सकती है। यही आंकड़ा सरकार की मुश्किल बताता है। 2026-27 के बजट में एलपीजी सब्सिडी के लिए 11,085 करोड़ का प्रावधान है। इसमें गरीब परिवारों के एलपीजी कनेक्शन के लिए 9,200 करोड़ और पहल के तहत डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के लिए 1,500 करोड़ रुपये शामिल हैं। अगर एलपीजी अंडर-रिकवरी 80,000 करोड़ के आसपास जाती है, तो यह मौजूदा बजट प्रावधान से कई गुना बड़ा बोझ होगा। सरकार ने पहले भी की है भरपाई: यह पहली बार नहीं है, जब ग्राहकों को बचाने की कीमत तेल कंपनियों ने चुकाई है। अगस्त, 2025 में कैबिनेट ने इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम को घरेलू एलपीजी पर नुकसान की भरपाई के लिए 30,000 करोड़ की क्षतिपूर्ति मंजूर की थी। दबाव सिर्फ कंपनियों तक सीमित नहीं: दबाव सिर्फ तेल कंपनियों तक सीमित नहीं है। इक्रा ने 2026-27 में उर्वरक सब्सिडी 2.05 से 2.25 लाख करोड़ तक पहुंचने का अनुमान लगाया है, जबकि बजट में 1.71 लाख करोड़ का प्रावधान है। पहले रास्ते से तेल विपणन कंपनियों की बैलेंसशीट कमजोर होगी। दूसरे से राजकोषीय बोझ बढ़ेगा और तीसरे से आम आदमी पर महंगाई का असर पड़ेगा।

कमर्शियल सिलिंडर महंगा होने के बावजूद घरेलू गैस, पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर रखी गई हैं। लेकिन तरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम बढ़ने से तेल कंपनियों को भारी नुकसान हो रहा है। सरकार के सामने चुनौती है कि वह कंपनियों को घाटे से बचाए या जनता पर महंगाई का बोझ डाले। कमर्शियल सिलिंडर 993 रुपये महंगा हो गया। लेकिन, रसोई गैस सिलिंडर और पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं बढ़े। पहली नजर में यह राहत लगती है, लेकिन असली कहानी रोके हुए दबाव की है। बाजार में पेट्रोलियम उत्पादों की लागत बढ़ चुकी है और तेल कंपनियों पर नुकसान का बोझ बढ़ रहा है। ऐसे में सरकार के सामने बड़ी चुनौती है कि आम उपभोक्ता को कब तक बचाया जा सकता है पेट्रोल-डीजल में भी कहानी ऐसी ही है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक, निकट भविष्य में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। खुदरा कीमतें अप्रैल, 2022 से लगभग स्थिर हैं। इस बीच, कच्चा तेल इस सप्ताह 126 डॉलर प्रति बैरल तक गया हैं-तेल कंपनियों को नुकसान उठाने दिया जाए। बजट से फिर क्षतिपूर्ति दी जाए। कीमतें धीरे-धीरे बढ़ाई जाएं।

# Gold-Silver Price


## सोना-चांदी की कीमतों में भारी गिरावट सोना 1800 रुपये और चांदी 6500 रुपये टूटी



सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने और चांदी की कीमतों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और मजबूत होते अमेरिकी डॉलर के कारण वैश्विक बाजारों में हलचल मची, जिसका असर घरेलू बाजार पर भी पड़ा। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,800 रुपये (1.15 प्रतिशत) गिरकर 1,54,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई। सोमवार को सोना 1,56,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।चांदी की कीमतों में भी भारी गिरावट देखी गई। चांदी 6,500 रुपये (लगभग 3 प्रतिशत) टूटकर 2,44,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर आ गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 2,50,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।एचडीएफसी सिक्योरिटीज के कमोडिटी एनालिस्ट सौमिल गांधी ने बताया कि बढ़ती ऊर्जा कीमतों ने महंगाई की चिंता बढ़ा दी है, जिससे ब्याज दरों के तक ऊंचे रहने की उम्मीदें मजबूत हुई हैं। इसके कारण बॉन्ड यील्ड में भी बढ़ोतरी हुई है, जिससे सोने की कीमतों पर दबाव पड़ा है।इसके अलावा, अमेरिकी फेडरल रिजर्व सहित प्रमुख केंद्रीय बैंकों के फैसलों से पहले व्यापारी अपनी स्थिति कम कर रहे हैं, जिससे कीमतों पर और दबाव पड़ा है।अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट देखी गई। स्पॉट गोल्ड 95.37 डॉलर (2.04 प्रतिशत) गिरकर 4,586.50 डॉलर प्रति औंस और चांदी 2.33 डॉलर (3.09 प्रतिशत) गिरकर 73.18 डॉलर प्रति औंस पर आ गई।निवेशक अब प्रमुख अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों पर नजर रखेंगे,जिसमें एडीपी साप्ताहिक रोजगार के आंकड़े और कॉन्फ्रेंस बोर्ड विश्वास के आंकड़े शामिल हैं।

# Economy: 'वैश्विक तनाव के बीच

## भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत', आरबीआई गवर्नर ने चेताया बढ़ सकते हैं कर्ज और महंगाई




आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि वैश्विक तनाव और अनिश्चितताओं के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है, जिसे घरेलू खपत और सरकारी निवेश का सहारा मिल रहा है। हालांकि, उन्होंने चेतावनी भी दी है। आइए विस्तार से जानते हैं।भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा है कि वैश्विक भू-राजनीतिक तनावों के बावजूद भारत की मैक्रोइकोनॉमिक बुनियाद मजबूत बनी हुई है। हालांकि, उन्होंने चेतावनी दी कि प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में बढ़ता सार्वजनिक कर्ज और रक्षा खर्च वैश्विक वित्तीय स्थिरता के लिए जोखिम पैदा कर सकता है।नीदरलैंड्स के एम्स्टर्डम में आयोजित FIMMDA-PDAI के 25वें वार्षिक सम्मेलन में बोलते हुए मल्होत्रा ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूत घरेलू खपत और लगातार सार्वजनिक निवेश का सहारा मिल रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार के पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) पर जोर से निजी निवेश को बढ़ावा मिला है और उत्पादन क्षमता का विस्तार हुआ है।उन्होंने चेताया कि अगर यह संकट लंबा खिंचता है, तो इसका असर महंगाई पर भी पड़ सकता है और सेकेंड-ऑर्डर महंगाई दबाव पैदा हो सकता है।

## IPL 2026 Points Table: अंक तालिका में नंबर एक बनने से चूकी राजस्थान जीत के बाद भी दिल्ली शीर्ष चार में नहीं

IPL Points Table Team Standings 2026: आईपीएल 2026 में 43 मैच पूरे हो चुके हैं और अब यहां से प्लेऑफ की दौड़ दिलचस्प हो चली है। पंजाब की टीम अभी भी शीर्ष पर मौजूद है। आइए जानते हैं कि अंक तालिका में कौन सी टीम किस स्थान पर है आईपीएल 2026 का 43वां मुकाबला जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेला गया। राजस्थान के पास इस मैच को जीतकर अंक तालिका में पहले स्थान पर पहुंचने का मौका था, लेकिन टीम इसमें नाकाम रही और एक बड़ा स्कोर बनाने के बाद भी हार गई। राजस्थान की हार और दिल्ली कैपिटल्स की जीत की पटरी पर वापसी से अंक तालिका में फेरबदल हुआ है। हालांकि, दिल्ली की टीम अभी भी शीर्ष चार में नहीं पहुंच सकी है। अंक तालिका से पहले यह जानते हैं कि राजस्थान और दिल्ली के बीच मैच में क्या हुआ। राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था।



सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी चार और यशस्वी जायसवाल के छह रन पर आउट होने से राजस्थान को मजबूत शुरुआत नहीं मिल सकी, लेकिन कप्तान पराग के 50 गेंदों पर बनाए 90 रन, डोनोवन फरेरा के 14 गेंदों पर बनाए 47 रन और ध्रुव जुरेल के 32 गेंदों पर बनाए 42 रन की मदद से टीम ने 20 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 225 का स्कोर बनाया था। लक्ष्य हासिल करने उतरी दिल्ली को सलामी बल्लेबाजों पाथुम निसांका और केएल राहुल ने मजबूत और विस्फोटक शुरुआत दी। दोनों ने पहले विकेट के लिए 9.3 ओवर में 110 रन की साझेदारी की। निसांका 33 गेंदों पर 62 रन बनाकर आउट हुए।

## Women's T20 World Cup: विश्व कप के लिए भारतीय महिला टीम का आज होगा एलान क्या किसी नए चेहरे को मिलेगा मौका?

महिला टी20 विश्व कप की शुरुआत अगले महीने होनी है। इसके लिए शनिवार को बीसीसीआई मुख्यालय में चयन समिति की बैठक होगी। यह देखना दिलचस्प होगा कि 15 सदस्यीय टीम में किस-किस को मौका मिल सकता है। महिला टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम का एलान शनिवार को किया जाएगा। टीम चयन के लिए मुंबई में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की बैठक होगी। चयन से पहले चयनकर्ताओं के सामने कई दुविधाएं हावी रहेंगी। महिला टी20 विश्व कप का 10वां संस्करण 12 जून से पांच जुलाई तक इंग्लैंड में खेला जाना है। भारत की नजरें खिताब पर रहने वाली हैं। चयन समिति की बैठक बीसीसीआई मुख्यालय में होगी और फिर प्रेस कॉन्फ्रेंस में टीम का एलान किया जाएगा। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली टीम से इस बार काफी उम्मीदें हैं, क्योंकि भारत ने महिला वनडे विश्व कप 2025 अपने घर में जीता था। भारत ने पिछले साल दिसंबर में घर में श्रीलंका को 5-0 से हराया था।



इसके बाद इंग्लैंड को उसी के घर में मात दी और फिर ऑस्ट्रेलिया को भी 2-1 से हराया, लेकिन पिछले महीने दक्षिण अफ्रीका दौरे पर टीम को 1-4 से हार का सामना करना पड़ा। दक्षिण अफ्रीका दौरे पर टीम प्रबंधन ने कई खिलाड़ियों को आजमाया, उपकप्तान स्मृति मंधाना को आराम दिया और कई नए विकल्पों को मौका दिया। हालांकि, गेंदबाजी अब भी टीम के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। टीम का बड़ा हिस्सा लगभग तय माना जा रहा है, लेकिन अमिता शर्मा की अगुआई वाली चयन समिति को 15 सदस्यीय टीम पूरी करने के लिए कुछ अहम स्थानों पर फैसला लेना होगा। बल्लेबाजी ऑलराउंडर अनुष्का शर्मा

## CSK vs MI Playing 11: सीएसके से पुराना हिसाब चुकता करने उतरेगी मुंबई क्या वापसी कर पाएंगे धोनी और रोहित?

CSK vs MI Playing 11 Today Prediction: आईपीएल 2026 में आज चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का सामना मुंबई इंडियंस से होगा। वैसे तो इन दोनों टीमों के बीच मैच को अल क्लासिको कहा जाता है, लेकिन सीएसके-मुंबई का प्रदर्शन इस सीजन अच्छा नहीं रहा है। वहीं, यह भी देखना दिलचस्प होगा कि रोहित और धोनी इस मैच में खेलते हैं या नहीं। आईपीएल 2026 में शनिवार को आईपीएल इतिहास की दो सबसे सफल टीमें एक दूसरे के सामने होंगी। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और मुंबई इंडियंस के बीच ये मुकाबला खेला जाएगा। इस सीजन दोनों टीमों का दूसरी बार आमना-सामना होगा। पिछले मैच में सीएसके ने एकतरफा अंदाज में मुंबई को मात दी थी। अब हार्दिक पांड्या की अगुआई वाली टीम पिछली हार का बदला चुकता करने उतरेगी। इस मैच में सभी की नजरें महेंद्र सिंह धोनी और रोहित शर्मा पर भी होंगी। धोनी ने इस सीजन एक भी मैच नहीं खेला है, जबकि चोट के कारण रोहित भी अब तक वापसी नहीं



अब तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं करने वाली सीएसके और मुंबई इंडियंस की टीमों के बीच आईपीएल में करो या मरो का मुकाबला होगा, जिसमें दोनों का लक्ष्य प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने की उम्मीद जीवंत रखना होगा। दोनों टीमों का अब तक का अभियान निराशाजनक रहा है और वे लय हासिल करने के लिए संघर्ष कर रही हैं। सीएसके के लिए एमए चिदंबरम स्टेडियम की परिस्थितियां अनुकूल रही हैं, लेकिन उनके प्रदर्शन में वह प्रभाव देखने को नहीं मिला है जो वर्षों से उसकी पहचान रही है। एसके की बल्लेबाजी में निरंतरता का अभाव रहा है।

## RR vs DC: आईपीएल में दिल्ली ने पहली बार हासिल किया 220+ रन का लक्ष्य जयपुर में राजस्थान ने छठा मुकाबला गंवाया

दिल्ली कैपिटल्स ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ सात विकेट से शानदार जीत दर्ज की। शुक्रवार को जयपुर में खेले गए मुकाबले में राजस्थान ने 225 रन बनाए। जवाब में दिल्ली ने 19.1 ओवर में 226 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। मिचेल स्टार्क की अगुवाई में गेंदबाजों के घातक प्रदर्शन और पथुम निसांका तथा केएल राहुल की विस्फोटक बल्लेबाजी के दम पर दिल्ली कैपिटल्स ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ शुक्रवार को सात विकेट से शानदार जीत दर्ज की। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में टॉस जीतकर पहले पहले बल्लेबाजी करने उतरी राजस्थान ने रियान पराग की अर्धशतकीय पारी की मदद से 20 ओवर में छह विकेट पर 225 रन बनाए। जवाब में दिल्ली ने पथुम निसांका और केएल राहुल की अर्धशतकीय पारियों की मदद से 19.1 ओवर में तीन विकेट पर 226 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। दिल्ली की टीम आईपीएल में पहली बार 220 से ज्यादा रनों के लक्ष्य को हासिल करने में सफल रही।



इससे पहले टीम ने 2025 में लखनऊ के खिलाफ 210 रनों का लक्ष्य हासिल किया था। वहीं, राजस्थान के खिलाफ सबसे ज्यादा रनों के लक्ष्य को हासिल करने वाली दिल्ली दूसरी टीम बन गई। इससे पहले सनराइजर्स हैदराबाद ने 229 रन बनाकर राजस्थान को मात दी थी। जयपुर में यह राजस्थान की सात मैचों में से छठी हार है। दिल्ली इस जीत के साथ अंक तालिका में छठे पायदान पर है। नौ में से चार मुकाबले जीत चुकी अक्षर पटेल की टीम के खाते में आठ अंक हैं लेकिन उनका नेट रन रेट खराब है।

## ICC Test Rankings: अंग्रेजों को पीछे छोड़ भारतीय टीम ने लगाई छलांग टेस्ट रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया का दबदबा

आईसीसी की ताजा पुरुष टेस्ट टीम रैंकिंग के वार्षिक अपडेट में भारतीय क्रिकेट टीम ने तीसरे स्थान पर जगह बना ली है। इस बदलाव में टीम इंडिया ने इंग्लैंड क्रिकेट टीम को पीछे छोड़ दिया है। खेल की वैश्विक संस्था अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शुक्रवार को वार्षिक टेस्ट टीम की रैंकिंग जारी की, जिसमें बड़ा फेरबदल देखने को मिला। भारतीय टेस्ट टीम एक स्थान की छलांग लगाकर तीसरे स्थान पर पहुंच गई। शुभमन गिल की अगुवाई वाली टीम ने इंग्लैंड को पीछे छोड़ दिया। वहीं, शीर्ष पर ऑस्ट्रेलिया का दबदबा है। रैंकिंग अपडेट में मई 2025 के बाद खेले गए मैचों को महत्व दिया गया है, जबकि उससे पहले के मुकाबलों का प्रभाव 50 प्रतिशत कर दिया गया है। इसी कारण रैंकिंग में कुछ महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिले। शीर्ष पर ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम 131 रेटिंग अंकों के साथ मजबूती से कायम है और उसने अपनी बढ़त को और मजबूत किया है। दूसरे स्थान पर मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियन दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम 119 अंकों के साथ बरकरार है। सबसे बड़ा बदलाव तीसरे स्थान के लिए हुआ जहां भारत



104 अंकों के साथ एक पायदान ऊपर चढ़ गया, जबकि इंग्लैंड 102 अंकों के साथ चौथे स्थान पर खिसक गया। इंग्लैंड को पुराने मैचों जैसे न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू जीत और पाकिस्तान में मिली सीरीज जीत का पूरा फायदा नहीं मिला। अन्य बदलावों में पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने श्रीलंका क्रिकेट टीम को पीछे छोड़ दिया है। वहीं वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम, बांग्लादेश क्रिकेट टीम और जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम टॉप-10 में अपनी जगह बनाए हुए हैं। इस अपडेट में आयरलैंड क्रिकेट टीम रैंकिंग से बाहर हो गई है, क्योंकि उसने निर्धारित अवधि में पर्याप्त टेस्ट मैच नहीं खेले। वहीं, विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2025-27 चक्र की बात करें तो भारत अभी भी छठे स्थान पर है, जहां उसका अंक प्रतिशत 48.15 है। टीम को घरेलू सीरीज में दक्षिण अफ्रीका से हार और ऑस्ट्रेलिया दौरे पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी गंवाने का नुकसान उठाना पड़ा है। इस समय डब्ल्यूटीसी तालिका में ऑस्ट्रेलिया 87.50 अंक प्रतिशत के साथ शीर्ष पर है, जबकि न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम 77.78 अंक प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर है। आईसीसी ने पुरुषों के अलावा महिलाओं की भी वार्षिक रैंकिंग जारी की है, जिसमें भारतीय महिला टीम को कुछ खास फायदा नहीं मिला है। महिला वनडे विश्व कप की खिताब विजेता भारतीय टीम फिलहाल तीसरे स्थान पर है, जबकि ऑस्ट्रेलिया की टीम शीर्ष पर है। वहीं, इंग्लैंड दूसरे स्थान पर मौजूद है। आईसीसी की ताज़ा टेस्ट रैंकिंग में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इंग्लैंड को पीछे छोड़ दिया है। हालिया मैचों में दमदार जीत के दम पर भारत ने रैंकिंग में उछाल हासिल किया, जिससे टीम का आत्मविश्वास और मजबूत हुआ है।

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91 7088120612

